ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में निवेश लक्ष्य अब 17.13 लाख करोड़

पहले 11.25 लाख करोड़ रुपये था लक्ष्य, रोड शो में मिली सफलता के बाद लक्ष्य बढ़ाया

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। विदेश से भारी भरकम निवेश प्रस्ताव प्राप्त होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट (जीआईएस) के लिए निवेश लक्ष्य 11.15 लाख करोड़ से बढ़ाकर 17.13 लाख करोड़ रुपये कर दिया है। इस संबंध में बृहस्पतिवार को शासनादेश जारी किया गया।

इंवेस्ट यूपी के नोडल अधिकारी अभिषेक प्रकाश की ओर से जारी शासनादेश में कहा गया है कि सरकार ने जीआईएस के लिए 16 देशों में रोड शो के लिए मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा गया था। करीब 15 दिनों तक विभिन्न देशों में हुए रोड शो में 7.12 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं।

विदेशी कंपनियां लगातार एमओयू कर रही हैं। सरकार ने अब भारतीय कंपनियों और औद्योगिक समूहों से निवेश आमंत्रित करने के लिए विभिन्न प्रदेशों में रोड शो की तैयारी की है। सरकार का मानना है कि प्रदेशों में होने वाले रोड शो से पूर्व में निर्धारित लक्ष्य से अधिक राशि के एमओयू साइन हो जाएंगे। ऐसे में सरकार ने निवेश लक्ष्य को बढ़ाकर 17.13 लाख करोड़ रुपये किया है।

आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स में सबसे ज्यादा निवेश

1.60 लाख करोड़ का नया लक्ष्य आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स को

1.25 लाख करोड़ निवेश का नया लक्ष्य एमएसएमई क्षेत्र में 75 हजार करोड़ से बढ़ाकर

- ऊर्जा के क्षेत्र में लक्ष्य को 60 हजार करोड़ से बढ़ाकर एक लाख करोड़ रुपये किया गया है।
- ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी और हाउसिंग के निवेश लक्ष्य को 60 हजार करोड़ से बढ़ाकर एक लाख करोड़ रुपये किया गया है।

● प्रमुख विभागों का संशोधित लक्ष्य

विभाग	पूर्व में लक्ष्य	संशोधित लक्ष्य
आईटी-इलेक्ट्रॉनिक्स	1,20,000	1,60,000
एमएसएमई	75,000	1,25,000
ऊर्जा	60,000	1,00,000
ग्रेटर नोएडा	60,000	1,00,000
हाउसिंग	60,000	1,00,000
पीडब्ल्यूडी	60,000	90,000
नोएडा	60,000	90,000
वस्त्रोद्योग	60,000	90,000
नागरिक उड्डयन	60,000	80,000
यीडा	60,000	80,000
शहरी विकास	50,000	75,000
एफएसडीए	40,000	60,000

(राशि करोड़ में)